(5) शिक्षा एवं सामाजिक प्रतिष्ठा - वर्तमान समय में शिक्षा एवं व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का अधिक महत्व होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति अपनी कन्या का विवाह शिक्षित एवं प्रतिष्ठित लड़के के साथ करना चाहता है जिसके लिए उसे काफी दहेज देना होता है।

(6) धन का महत्व - जिस व्यक्ति को अधिक दहेज प्राप्त होता है, उसकी प्रतिष्ठा भी बढ़ जाती है।

(7) महंगी शिक्षा - वर्तमान में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए काफी धन खर्च करना पड़ता है। जिसे जुटाने के लिए वर पक्ष के लोग दहेज की मांग करते हैं। शिक्षा के लिए लिये गए ऋण का भुगतान भी कई बार दहेज द्वारा किया जाता है।

(8) दुष्चक्र - दहेज एक दुष्चक्र है जिन लोगों ने अपनी लड़कियों के लिए दहेज दिया है वे भी अवसर आने पर अपने लडको के लिए दहेज़ प्राप्त करना चाहते हैं । इसी प्रकार लड़के के लिए दहेज प्राप्त करके वे अपनी लड़कियों के विवाह के लिए उसे सुरक्षित चाहते हैं

(9) दहेज़ - प्रथा के दुष्परिणाम -

(1) बालिका वधू - दहेज की अधिक माँग होने के कारण कई व्यक्ति कन्या को पैदा होते ही मार डालते हैं ।

(2) कम दहेज़ देने पर कन्या को सुसुराल में अनेक प्रकार के कष्ट दिए जाते हैं। दोनों परिवार में तनाव एवं संघर्ष पैदा होते हैं। और पति-पत्नी का सुखी वैवाहिक जीवन में तनाव में आता है।

(3) जिन लड़कियों को अधिक दहेज नहीं दिया जाता है। उनको कई प्रकार से तंग किया जाता है। इस स्थिति से मुक्ति पाने के लिए लड़कियाँ आत्महत्या तक कर लेती हैं। कई बार कम दहेज के कारण लड़कियों की हत्या तक हो जाती है या फिर उन्हें जलाकर मार दिया जाता है।

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

(4) दहेज देने के लिए कन्या के पिता को रुपया उधार लेना पड़ता है या अपनी जमीन, जेवरात मकान आदि को गिरवी रखना पड़ता हैं या बेचना पड़ता है। अधिक कन्याएँ होने पर तो आर्थिक दशा और ज्यादा बिगड़ती हैं।

(5) बेमेल विवाह जैसे दुष्परिणाम सामने आते है। दहेज के अभाव में कन्या का विवाह अशिक्षित, वृद्ध, कुरूप, अपंग एवं अयोग्य व्यक्ति के साथ भी करना पड़ता है।

(6) दहेज के अभाव में कई लोग अपने वैवाहिक संबंध कन्या पक्ष से समाप्त कर देते हैं। कई बार तो दहेज के अभाव में तोरण द्वार से बारात वापस लौट जाती हैं।

(7) दहेज जुटाने के लिए कई अपराध भी किए जाते है, रिश्वत, चोरी एवं गबन द्वारा धन एकत्र किया जाता है। भ्रष्टाचार में भी वृद्धि होती है ।

(8) दहेज एकत्रित करने एवं योग्य वर की तलाश में माता- पिता चिन्तित रहते हैं। चिन्ता के कारण कई मानसिक बीमारियाँ पैदा हो जाती है।

(9) दहेज के कारण स्त्रियों की सामाजिक स्थिति गिर जाती है। उनका जन्म अपशकुन माना जाता है और उन्हें भावी विपत्ति का सूचक समझा जाता है।

दहेज-प्रथा को समाप्त करने हेतु सुझाव-

(1) स्त्री शिक्षा - स्त्री शिक्षा का अधिकाधिक प्रसार किया जाय ताकि वे पढ़-लिखकर स्वयं कमाने लगे। ऐसा होने पर उनकी पुरुषो पर आर्थिक - निर्भरता समाप्त होगी।

(2) जीवन-साथी के चुनाव की स्वतंत्रता - लड़के व लड़कियों को अपना जीवन-साथी स्वयं चुनने की स्वतंत्रता प्राप्त होने

नोट – प्रिय पाठकों , **यह एक sample मात्र है** यह अध्याय अभी यहीं समाप्त नही हुआ है, इसमें अभी और भी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **RAS मुख्य परीक्षा के**

कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यह तो एक sample मात्र ही है/ ***RAS मुख्य परीक्षा के*** *कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें , धन्यवाद/*

संपर्क करें – 8233195718, 9694804063, 8504091672

हमारे नोट्स के अन्य परीक्षाओं में रिजल्ट (Result)-

RAS Pre. परीक्षा 2021 में हमारे नोट्स में से 73/74 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 23 अक्तूबर की पहली शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 79 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 23 अक्तूबरकी दूसरी शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 103 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 24 अक्तूबर की पहली शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 96 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 24 अक्तूबर की दूसरी शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 91 प्रश्न आये

राजस्थान SI 2021 की परीक्षा कि परीक्षा में भी कई प्रश्न आये हैं -

Proof देखने के लिए हमारे youtube चैनल (InfusionNotes) पर इसकी वीडियो देंखें या हमारे नंबरों पर कॉल करें /

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

प्रबंधन

अध्याय – I

विपणन की आधुनिक अवधारणा, विपणन मिश्रण – उत्पाद, मूल्य, स्थान और संवर्धन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, प्रचालन तंत्र, ई – विपणन, व्यवसाय तथा निगम आचारनीति

विपणन का अर्थ

वर्तमान वाणिज्यिक तथा औद्योगिक युग में विपणन कोई नया शब्द नहीं है। विभिन्न व्यक्ति विपणन शब्द को विभिन्न अर्थों में प्रयोग करते हैं। कुछ व्यक्तियों के लिये विपणन का अर्थ केवल वस्तुओं के क्रय एवं विक्रय से है जबकि कुछ अन्य व्यक्ति इसमें और भी अनेक क्रियाओं को सम्मिलित करते हैं, जैसे—विक्रय उपरान्त सेवा, वितरण तथा विज्ञापन आदि। वास्तव में विपणन क्रय, विक्रय, उत्पाद नियोजन, विज्ञापन आदि तक सीमितं न रहकर एक विस्तृत अर्थीय शब्द है जिसमें वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन से पूर्व की जाने वाली क्रियाओं से लेकर इनके वितरण एवं आवश्यक विक्रयोपरान्त सेवाओं तक को शामिल किया जाता है। इस प्रकार विपणन का कोई सर्वमान्य अर्थ या परिभाषा नहीं है। अध्ययन की सुविधा के लिए विपणन के अर्थ की व्याख्या करने वाली विचारधाराओं को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है-

विपणन की प्रमुख अवधारणाएं निम्न है-

I. पुरानी या संकीर्ण विचारधारा
II. नयी या आधुनिक विचारधारा।

I. पुरानी, संकीर्ण या उत्पाद अभिमुखी विचारधारा

Old, Narrow or Product-oriented Concept

यह विपणन की अत्यन्त प्राचीन अथवा संकीर्ण विचारधारा है, जिसमें विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन करने के लिये क्रय एवं इन वस्तुओं को ग्राहकों तक पहुँचाने के लिये विक्रय आदि क्रियाओं को विपणन में सम्मिलित किया जाता है। इसके अनुसार किसी भी व्यवसाय का मूलभूत उद्देश्य अधिकतम लाभ कमाना है। विपणन का मूलभूत कार्य वस्तुओं का उत्पादक अथवा निर्माता से उपभोक्ताओं तक पहुँचाना है। बीसवीं शताब्दी के पाँचवे दशक के आसपास तक व्यावसायियों/ प्रबन्धकों/अर्थशास्त्रियों ने विपणन की इसी प्रकार की परिभाषाएँ दी हैं। विपणन की सूक्ष्म अथवा संकीर्ण अर्थ वाली प्रमुख परिभाषाएँ निम्नलिखित हैं-

(1) प्रो० पाइले के अनुसार, "विपणन में क्रय और विक्रय दोनों ही क्रियाएँ सम्मिलित होती हैं।"

(2) क्लार्क एवं क्लार्क के अनुसार, "विपणन में वे सभी प्रयत्न सम्मिलित हैं जो वस्तुओ एवं सेवाओं के स्वामित्व हस्तान्तरण एवं उनके (वस्तुओं एवं सेवाओं के) भौतिक वितरण में सहायता प्रदान करते हैं।'

(3) कन्वर्स, ह्यूजी एवं मिचेल के अनुसार, "विपणन में वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन से उपभोग तक के प्रवाह की क्रियाएँ सम्मिलित होती हैं।"

(4) अमेरिकन मार्केटिंग एसोसियेशन के अनुसार, "विपणन से तात्पर्य उन व्यावसायिक क्रियाओं के निष्पादन से है जो उत्पादक ये उपभोक्ता या प्रयोगकर्ता तक वस्तुओं और सेवाओं के प्रवाह को नियन्त्रित करत है,

विपणन की परम्परागत विचारधारा की प्रमुख विशेषताओं को निम्न प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है-

1. परम्परागत विचारधारा के अनुसार संस्था का समस्त ध्यान उत्पादन पर होता है।

2. परम्परागत विचारधारा का लक्ष्य अधिकतम विक्रय द्वारा अधिकतम लाम कमाना है।

3. इस विचारधारा में उपभोक्ता की संतुष्टि एवं कल्याण पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

4. इसमें वस्तु के उत्पादन के पूर्व एवं वस्तु के विक्रय के बाद की क्रियाओं को शामिल नहीं किया जाता है।

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

5. यह विचारधारा इस दर्शन पर आधारित है कि उत्पादक या विक्रेता यह भली-भाँति जानता है कि उपभोक्ता के लिये क्या अच्छा है और उसे किस वस्तु की आवश्यकता है।

6. परम्परागत विचारधारा के अन्तर्गत कम्पनी के विभिन्न विभागों में पारस्परिक सम्बन्ध नहीं होते हैं।

II. नयी, विस्तृत, आधुनिक या ग्राहक-अभिमुखी विचारधारा

(New, Modern or Customer-oriented Concept)

आधुनिक विचारधारा वस्तु के स्थान पर ग्राहकों को अधिक महत्व देती है, इसलिये इसे ग्राहक-अभिमुखी विचारधारा कहते हैं। इस विचारधारा के अनुसार ऐसी वस्तुओं का ही निर्माण किया जाता है जो कि अधिकांश ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं, अभिरुचियों आदि के अनुरूप हों। इसके पश्चात वस्तुओं का विक्रय भी ग्राहक की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाता है और यदि आवश्यकता हो तो विक्रयोपरान्त सेवा (After Sales Service) की व्यवस्था भी की जाती है।

इस विचारधारा के अनुसार विपणन को निम्न प्रकार परिभाषित किया गया है-

(1) पॉल मजूर के अनुसार-"विपणन का अर्थ समाज को जीवन स्तरMप्रदान करना है।"

(2) विलियम जे० स्टेण्टन के अनुसार, "विपणन का अर्थ उन पारस्परिक व्यावसायिक क्रियाओं की सम्पूर्ण प्रणाली से है जो कि वर्तन व सम्भावित ग्राहकों को उनकी आवश्यकता संतुष्टि की वस्तुओं और सेवाओं के बारे में योजना बनाने, मूल्य निर्धारित करने, संवर्धन करने और वितरण के लिये की जाती हैं।"

(3) प्रो० एच० एल० हेन्सन के अनुसार, "विपणन उपभोक्ताओं की इच्छा को ज्ञात करने, उन्हें विशिष्ट वस्तुओं एवं उत्पादों में परिवर्तित करने और तदुपरान्त उन वस्तुओं एवं सेवाओं के जरिए अधिकाधिक उपभोक्ताओं के उपयोग को सम्भव बनाने की प्रक्रिया है।"

विपणन की आधुनिक विचारधारा की विशेषताओं को निम्न प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है-

1. इस विचारधारा में उपभोक्ता की सन्तुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाता है अर्थात् उपभोक्ता को सर्वेसर्वा माना जाता है।

2. इस विचारधारा के अन्तर्गत प्रबन्धकों को यह आभास होता है कि ग्राहक की आवश्यकताएँ महत्वपूर्ण है न कि उत्पादन।

3. आधुनिक विचारधारा के अनुसार समाज के रहन-सहन के स्तर को ऊँचा उठाने का दायित्व विपणन का है।

4. इस विचारधारा के अन्तर्गत विपणन के द्वारा नये-नये उत्पादन आरम्भ करने का अवसर प्राप्त होता है।

5. इस विचारधारा के अनुसार उत्पत्ति के सभी साधनों का प्रभावी उपयोग सम्भव होता है।

विकासोन्मुख अर्थव्यवस्था में विपणन का महत्व

(Importance of Marketing in the Emerging Economy of India)

(1) प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग-आधुनिक सुदृढ़ विपणन व्यवस्था प्राकृतिक संसाधनों का देश के हित में विदोहन तथा अधिकतम उपयोग करने में सक्रिय सहयोग प्रदान करती है जिसकी कि विकासशील देशों में अत्यन्त आवश्यकता होती है।

(2) अर्थव्यवस्था को मन्दी से बचाना-आधुनिक विपणन अवधारणा विकासशील देश की अर्थव्यवस्था को मन्दी से बचाने में सक्रिय योगदान प्रदान करती है। यदि विपणन न हो तो विक्रय कम मात्रा में होगा जिसके कारण सारा देश मन्दी के चंगुल में फंस जायेगा।

(3) रहन-सहन का स्तर ऊँचा उठाना-आधुनिक विपणन अवधारणा जन-साधारण को उपभोग के लिए बड़े पैमाने पर नई-नई वस्तुओं की जानकारी देकर एवं उपलब्ध कराकर रहन-सहन के स्तर को ऊँचा उठाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करती है।

(4) राष्ट्रीय आय में वृद्धि-जब आधुनिक विपणन सुविधाओं के कारण विभिन्न प्रकार के ग्राहकों की आवश्यकतानुसार वस्तुओं का उत्पादन एवं निर्माण किया जाता है तो देश की कुल वस्तुओं और सेवाओं में वृद्धि होती है जिसके परिणामस्वरूप देश की कुल राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय दोनों में वृद्धि होती है।

FREE SAMPLE

(5) रोजगार की सुविधा-आधुनिक विपणन अवधारणा रोजगार के अवसरों में वृद्धि करके बेरोजगारी एवं अर्द्ध-बेरोजगारी के उन्मूलन में सक्रिय सहयोग प्रदान करती है। आज विपणन क्षेत्र भारत में रोजगार प्रदान करने का प्रमुख स्रोत माना जाता है।

(6) औद्योगीकरण को प्रोत्साहन-आज जिन देशों में आधुनिक विपणन व्यवस्था है, वे देश औद्योगिक क्षेत्र में शिखर पर हैं। इस प्रकार विपणन व्यवस्था अच्छी होने से औद्योगीकरण को प्रोत्साहन मिलता है जिसकी भारत जैसे विकासशील देशों को अत्यन्त आवश्यकता है।

(7) नियति में वृद्धि-आधुनिक सुदृढ़ विपणन, व्यवस्था के कारण जो देश औद्योगीकरण के शिखर पर हैं, वे निर्यात अधिक करते हैं और आयात क भारत जैसे विकासशील देश को आज निर्यात में वृद्धि की सबसे अधिक आवश्यकता है और इसी कारण विकासशील देशों (भारत सहित) में आधुनिक विपणन का महत्व है।

(8) बाजार के विकास में सहायक-विपणन का स्थानीय, राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय तीन स्तरों पर महत्व है। आधुनिक सुदृढ़ विपणन व्यवस्था स्थानीय बाजार को राष्ट्रीय बाजार तथा राष्ट्रीय बाजार को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार का रूप प्रदान करती है।

(9) वस्तुओं के मूल्यों में कमी-एक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी आधुनिक विपणन व्यवस्था के होने से जहाँ एक ओर अधिक माँग होने पर उत्पादन की मात्रा बढ़ जाती है जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन लागत कम हो जाती है और दूसरी ओर वितरण लागतों में और वस्तुओं के मूल्यों में पर्याप्त कमी आती है। फलतः उपभोक्ता अधिक मात्रा में वस्तुओं का उपभोग करना प्रारम्भ कर देते हैं।

Other conept -

- **उत्पादन अवधारणा (Production concept):** एक संगठन अपने उत्पादों को एक बाजार में डंप करेगा, कम कीमतों और उच्च मात्रा के साथ हमला करेगा। चीन आक्रामक रूप से इसका अनुसरण कर रहा है।

- ***उत्पाद अवधारणा (Product concept):*** *अपने मौजूदा उत्पाद का विकास करें। Apple उत्पाद अवधारणा का पालन कर रहा था। वे अपने उत्पाद को बढ़ावा नहीं दे रहे थे, सीधे आईट्यून्स, आईपॉड, आदि जैसे उत्पादों को पेश कर रहे थे।*
- ***बिक्री की अवधारणा (Sales concept):*** *हमने जो भी उत्पादन किया है उसे बेचें। यह उनकी रणनीति को बढ़ावा देने का एक तत्व जोड़ता है।*
- ***बाजार अवधारणा (Marketing concept):*** *बाजारों पर शोध करें, रुझानों और उपभोक्ता वरीयताओं की पहचान करें और उनके अनुसार उत्पाद विकसित करें। यह बाजार में एक फर्म को बनाए रखने में मदद करेगा। हालांकि, उत्पादन, उत्पाद और बिक्री अवधारणा के बाद विपणन अवधारणा विकसित हुई है; लेकिन समकालीन दुनिया में, संगठन इनमें से किसी भी झुकाव को अपनाते हैं।*
- ***सामाजिक अवधारणा(Social concept):*** *आप अपने उत्पाद के सामाजिक प्रभाव पर विचार करते हैं और अपने उत्पाद के विपणन के माध्यम से सामाजिक मुद्दों के बारे में समाज को जागरूक करते हैं।*
- ***रीति रिवाज अवधारणा (Societal concept):*** *एक अधिक जिम्मेदार दृष्टिकोण जो एक नैतिक, नैतिक और टिकाऊ तरीके से बढ़ावा देता है और एक उत्पाद कैसे मदद करेगा।*

कण्डिफ एवं स्टिल के अनुसार विपणन के अन्तर्गत निम्नलिखित क्रियाएँ सम्मिलित की जाती है-

विपणन कार्य

विपणन कार्य

(I) वाणिज्ययन कार्य-	***(II) भौतिक वितरण कार्य-***	***(III) सहायक कार्य-***

1: उत्पाद नियोजन एवं विकास	1. भण्डारण	1. विपणन वित्त व्यवस्था
2. प्रमापीकरण एवं श्रेणीयन	2. परिवहन	2. जोखिम वहन करना
3. क्रय		3. बाजार सूचना
4. विक्रयण		

विपणन की भूमिका अथवा महत्त्व -

(Role or Importance of Marketing)

आधुनिक अर्थव्यवस्था में उपभोक्ता व्यावसायिक जगत का केन्द्र-बिन्दु बन गया है। सभी व्यावसायिक क्रियाएँ उपभोक्ता के चारों ओर चक्कर लगाती हैं। उपभोक्ता अवधारणा को अधिकाधिक मान्यता दिये जाने के कारण आर्थिक अवधारणा में परिवर्तन आ रहे हैं। फलस्वरूप विपणन का महत्व भी दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है।

पीटर एफ ड्रकर (Peter F. Drucker) के अनुसार, "एक व्यावसायिक उपक्रम के दो आधारभूत कार्य हैं-प्रथम, विपणन (Marketing) एवं द्वितीय, नवाचार (Innovation)।"

विपणन के महत्व का अध्ययन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत किया जा सकता है :

निर्माता के लिये विपणन का महत्त्व

(Importance of Marketing for Manufacturer)

(1) उत्पादन सम्बन्धी निर्णयों में सहायक (Helpful in Production decision)- वर्तमान समय में व्यवसाय की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उपभोक्ताओं की इच्छाओं एवं आवश्यकताओं के अनुरूप वस्तुओं का उत्पादन किया जाये। अतः वस्तुओं की मात्रा, कीमत निर्धारण की व्यवस्था, विज्ञापन के साधन आदि के सम्बन्ध में सही निर्णय लेने के लिये विपणन बहुत उपयोगी होता है।

FREE SAMPLE

(2) आय वृद्धि में सहायक (Helpful in Increasing Income)—प्रत्येक फर्म (कंपनी या व्यवसाय) का प्रमुख उद्देश्य लाभ कमाना होता है। विपणन एक ओर तो विभिन्न विपणन लागतों में कमी करके वस्तुओं व सेवाओं की कीमतों में कमी करता है और दूसरी ओर विपणन के आधुनिक तरीकों जैसे-विज्ञापन, विक्रय सम्वर्द्धन आदि के द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की माँग में वृद्धि करता है परिणामतः वस्तुओं की लागतों में कमी और माँग में वृद्धि होने के कारण कुल बिक्री में वृद्धि होती है जिससे फर्म (कंपनी या व्यवसाय) के लाभों में वृद्धि होती है।

(3) सूचनाओं के आदान-प्रदान में सहायक (Helpful in exchanging information)—विपणन की सहायता से व्यवसाय और समाज के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। विपणन की सहायता से समय-समय पर समाज में होने वाले परिवर्तनों, जैसे—आवश्यकताओं व रुचियों में परिवर्तन, फैशन में परिवर्तन आदि के सम्बन्ध में उच्च प्रबन्ध को जानकारी रहती है। आज की बढ़ती हुई पारस्परिक प्रतिस्पर्धा में इन सूचनाओं का और भी अधिक महत्व बढ़ गया है।

(4) वितरण में सहायक (Helpful in distribution)—विपणन का अध्ययन एक निर्माता को यह बताता है कि उसको वस्तु कम-से-कम लागत पर अधिक-से-अधिक सुविधाजनक केन्द्रों पर उपभोक्ता को किस प्रकार प्रदान करनी चाहिए। आज इस प्रतियोगी युग में वही निर्माता सफल हो सकता है जिसकी विपणन लागत न्यूनतम होती है।

समाज के लिये विपणन का महत्त्व

(Importance of Marketing to Society)

(1) रोजगार के अवसरों में वृद्धि–विपणन ने रोजगार के अवसरों की वृद्धि में पर्याप्त सहयोग दिया है। वास्तव में, उत्पादन की तुलना में विपणन में रोजगार अवसरों में थोड़ी ही अवधि में चार गुनी वृद्धि हुई है।

(2) रहन-सहन का स्तर

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

नोट – प्रिय पाठकों , **यह एक sample मात्र है** यह अध्याय अभी यहीं समाप्त नही हुआ है, इसमें अभी और भी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **RAS मुख्य परीक्षा के** कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यह तो एक sample मात्र ही है/ **RAS मुख्य परीक्षा के** कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें , धन्यवाद/

संपर्क करें – 8233195718, 9694804063, 8504091672

हमारे नोट्स के अन्य परीक्षाओं में रिजल्ट (Result)-

RAS Pre. परीक्षा 2021 में हमारे नोट्स में से 73/74 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 23 अक्तूबर की पहली शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 79 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 23 अक्तूबरकी दूसरी शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 103 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 24 अक्तूबर की पहली शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 96 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 24 अक्तूबर की दूसरी शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 91 प्रश्न आये

राजस्थान SI 2021 की परीक्षा कि परीक्षा में भी कई प्रश्न आये हैं -

Proof देखने के लिए हमारे youtube चैनल (InfusionNotes) पर इसकी वीडियो देंखें या हमारे नंबरों पर कॉल करें /

FREE SAMPLE

अध्याय - 5

अत्यावश्यक सेवाओं का प्रबंधन – शिक्षा प्रबंधन, हेल्थकेयर तथा वैलनेस प्रबंधन, पर्यटन तथा आतिथ्य प्रबंधन

शिक्षा प्रबंधन-

शिक्षा प्रबंधन मनुष्य द्वारा की जाने वाली प्रत्येक क्रिया किसी न किसी प्रक्रिया द्वारा सम्पन्न होती है। इसी प्रकार शिक्षा की अवधारणा में दो प्रकार के परिवर्तन हुये हैं। (1) शिक्षा, मानव विकास की सशक्त प्रक्रिया के साथ-साथ राष्ट्र विकास एवं जनशक्ति नियोजन का आधार बन गई है। (2) यह एक मानवीय व्यवसाय के रूप में विकसित हो रही है। यह व्यवसाय, अन्य व्यवसायों से भिन्न है। इसमें शिक्षक, शिक्षा के द्वारा मानव विकास के लिये किये गये श्रम का मूल्य लेता है। यह व्यवसाय एक मिशन (सेवा कार्य) के रूप में है जिसका सम्पूर्ण लाभ समाज तथा राष्टं को मिलता है। अन्य व्यवसायों में लाभ व्यक्ति या संस्था को मिलता है और कर्मचारियों को केवल सेवा मूल्य प्राप्त होता है। शिक्षण-व्यवसाय (Teaching Profession) में प्रबंधन का विशेष महत्व है। शैक्षिक प्रबंधन की अवधारणा को हम इस प्रकार समझ सकते हैं-

I. शिक्षण एक व्यवसाय है-हैनी (Heney) के शब्दों में-'व्यवसाय वस्तुओं तथा सेवाओं के उस नियमित रूप व्य-विव्य, हस्तान्तरण अथवा विनिमय को कहते हैं जो लाभ कमाने के लिये किया जाता है। इस परिभाषा के अनुसार शिक्षा एक व्यवसाय है इसमें शिक्षक अपने ज्ञान तथा कौशल की सेवाएं, मान के बदले, छात्रों को देता है। छात्र, शिक्षण द्वारा प्रदान किये गये ज्ञान तथा कौशल उपयोग करके अपनी क्षमताओं का विकास करते हैं। व्यवसाय में क्रय-विक्रय, विनिमय, सेवाओं का लेन-देन, लाभ, प्रयोजन तथा प्रतिफल की अनिश्चितता, जोखिम एवं विनिमय में निरन्तरता के लक्षण पाये जाते हैं। उद्योग तथा

व्यवसाय में लाभ उत्पादक को मिलता है। शिक्षा में उक्त सभी लक्षण पाये जाते हैं किन्तु इसमें जोखिम कम है। इसका लाभ व्यक्ति तथा समाज को मिलता है।

2. शिक्षा एक प्रबंधन (Management) है-शिक्षा, यद्यपि जीवन-पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया की सफलता उत्तम प्रबंधन पर निर्भर करती है। यदि प्रबंधन निरंकुश है तो शिक्षा की प्रक्रिया में अवरोध आएगे। यदि वह अभिनायकवादी है तो एक व्यक्ति या संस्था का वर्चस्व रहेगा। यदि मुक्त है तो अराजकता की संभावना बढ़ेगी। इसलिये शिक्षा-उद्योग अर्थात् शिक्षा संस्थाओं की सफलता उसके प्रबंधन पर निर्भर करती है। ओलीवर शैल्डेन के शब्दों में-'प्रबंधन, उद्योग (विद्यालय तथा शिक्षा) की वह जीवनदायिनी शक्ति है जो संगठन को शक्ति देता है, संचालित करता है एवं नियंत्रित करता है।' इसी प्रकार थियोहेमेन ने लिखा है-प्रबंधन एक विज्ञान के रूप में, प्रबंधन एक उच्च स्तरीय प्रबंधन समूह के रूप में तथा प्रबंधन एक सामाजिक प्रक्रिया के रूप में व्यक्त किया जाता है।' दूसरे शब्दों में प्रबंधन एक कार्यकारी समूह है, यह समूह कार्य का संचालन, निर्देशन, नियन्त्रण एवं समन्वय करता है। इसलिये वह (प्रबन्धक) प्रशासक कहलाता है। प्रबन्धक या प्रशासक छः' तत्वों (1) मानव (2) मशीन (3) माल (4) मुद्रा बाजार (5) प्रबंधन (6) तथा संगठन का समन्वय करता है। पीटर डंकर के अनुसार-'प्रबन्धक, प्रत्येक व्यवसाय का गत्यात्मक तथा जीवनदायी अवयव है। इसके नेतृत्व के अभाव में उत्पादन के सामान, केवल सामान मात्र ही रह जाते हैं, कभी उत्पादन नहीं बन पाते हैं।

विद्यालयी प्रबंधन में मानव (शिक्षक, छात्र), मशीन (विद्यालयी उपकरण) माल (शैक्षिक प्रक्रिया) तथा निष्पनि, मुद्रा बाजार (शुल्क, अर्थ व्यवस्था तथा मानव शक्ति नियोजन), प्रबंधन (समन्वय) तथा संगठन (प्रबन्धक, प्रधानाचार्य, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र, अभिभावक, सामान) आदि निहित हैं। इन सबको गतिशील बनाये रखने में प्रबन्धक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

शैक्षिक प्रबंधन एक विशेष क्रिया है। मानव समूह तथा संस्थाओं के संचालन के लिये अर्थात् विद्यालय के कर्मियों तथा विद्यालयी संस्था के संचालन के लिये शैक्षिक प्रबंधन का

होना अत्यन्त आवश्यक है। उद्योग तथा व्यापार के क्षेत्र में व्यवस्था की यह प्रक्रिया प्रबंधन कहलाती है तो शिक्षा के क्षेत्र में यह प्रक्रिया प्रशासन कहलाती है। प्रशासन की प्रक्रिया में व्यक्ति अपने मद के अनुसार भूमिका का निर्वाह करता है। इसलिये प्रबंधन तथा प्रशासन को समानार्थ्ी कहा जाता है। प्रचलित अवस्था में 'प्रबन्ध' शब्द उद्योग तथा व्यवसाय के क्षेत्र में उपयोग किया जाता है।

शिक्षा-प्रबंधन की परिभाषा

शिक्षा-प्रबंधन की प्रमुख परिभाषा इस प्रकार हैं-

किम्बाल एवं किम्बाल-प्रबंधन उस कला को कहते हैं जिसके द्वारा किसी उद्योग में मनुष्यों और माल को नियन्त्रित करने के लिये लागू आर्थिक सिद्धान्त को प्रयोग में लाया जाता है।

कुन्ट्ज-औपचारिक समूहों में संगठित लोगों से काम कराने की कला का नाम ही प्रबंधन है।

स्टेन्लेवेन्स-प्रबंधन सामान्य रूप से निर्णय लेने एवं मानवीय क्रियाओं पर नियंत्रण रखने की विधि है जिससे पूर्व निश्चित लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सके।

पीटरसन तथा प्लोमैन-प्रबंधन से आशय उस तकनीक से है जिसके द्वारा एक विशेष मानवीय समूह के उद्देश्यों का निर्धारण, स्पष्टीकरण तथा क्रियान्वयन किया जाता है। प्रबंधन यह जानने की कला है कि आप व्यक्तियों से वास्तव में क्या काम लेना चाहते हैं? और फिर यह देखना कि वे उसको सबसे मितव्ययी तथा उत्तम ढंग से पूरा करते हैं।

शिक्षा प्रबंधन की सामान्य विशेषताएँ

1970 से शिक्षा प्रबंधन तथा प्रशासन के क्षेत्र में नये युग का सूत्रपात हुआ। यह सूत्रपात इस प्रकार है-

1. शिक्षा प्रबंधन के सिद्धान्त तथा व्यवहार में परिवर्तन आ रहा है।
2. सैद्धान्तिक स्तर नवीन शब्दावली का निर्माण हो रहा है।

3. शैक्षिक प्रशासन के लिए शैक्षिक प्रबंधन, शैक्षिक संगठन जैसे शब्दों का प्रयोग किया जाता है।
4. शैक्षिक प्रबंधन ज्ञान की नवीन शाखा के रूप में विकसित हो रहा है।
5. वाणिज्य तथा उद्योग के क्षेत्र में जिसे प्रबंधन कहते हैं, शिक्षा के क्षेत्र में उसे प्रशासन कहते हैं।

इस दृष्टि से थिया हेमेन ने प्रबंधन की अवधारणा इस परिभाषा से स्पष्ट की है-'प्रबंधन के तीन अर्थ है: प्रबंधन उच्चस्तरीय प्रबन्धकों का एक समूह है, प्रबंधन एक विज्ञान है, प्रबंधन एक सामाजिक क्रिया है, शिक्षा प्रबंधन की सामान्य विशेषताए इस प्रकार हैं।

1. ***प्रबंधन उत्पादन का एक आर्थिक संसाधन है***-आर्थिक क्रियाओं में भूमि, श्रम, पूजी, साहस तथा विनिमय प्रमुख घटक हैं। ये सभी घटक स्वतन्त्र होते हुए भी प्रबंधन के अधीन हैं। प्रबंधन के सामानों के अभाव में उत्पनि के सभी सामान अपूर्ण एवं निष्क्रिय हैं।
2. ***प्रबंधन एक अधिकार व्यवस्था है***-किसी भी क्षेत्र में प्रबंधन, अधिकार के रूप में प्रयुक्त होता है। शिक्षा के क्षेत्र में प्रबन्धक तथा प्रबंधित, दो वर्ग होते हैं। प्रबंधक वर्ग के अधिकार अधिक होते हैं और वे अपने अधीनस्थों से कार्य लेते हैं। प्रबन्धक भी उच्च, माध्यम एवं पर्यवेक्षीय स्तर के होते हैं। सभी के अपने पदों के अनुरूप अधिकार होते हैं तथा भूमिकाएँ होती हैं ये अपने अधीनस्थों का मार्ग दर्शन करते हैं। नियंत्रण, समन्वय तथा नेतृत्व करते हैं।
3. ***प्रबंधन एक लोक समूह है***-प्रबंधन की अवधारणाओं में यह है कि यह एक लोक समूह है। विद्यालय में प्रबन्धक, प्रधानाचार्य, अध्यापक, छात्र, अन्य कर्मचारी होते हैं। ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रबंधन करते हैं। आधुनिक प्रबंधन शास्त्र में तीन व्यवस्थाए पाई जाती हैं। (1) पैत्रिक अथवा पारिवारिक (2) राजनीतिक (3) पेशेवर। पैत्रिक प्रबंधन वंशानुक्रम तथा परिवार की परम्पराओं के अनुसार चलता है। औद्योगिक घरानों में इसी प्रकार का प्रबंधन पाया जाता है। राजनीतिक प्रबंधन, सरकारी उपक्रमों (Government undertakings) में पाया जाता है। इनमें

सनारूढ़ दल अपने हितैषियों की नियुक्तिया करते हैं। पेशेवर प्रबंधन में, प्रबंधन का प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति संस्थाओं का प्रबंधन करते हैं

शैक्षिक प्रबंधन एक समन्वयकारी संसाधन है-शैक्षिक प्रबंधन, शिक्षा के विभिन्न सामानों में समन्वय

नोट – प्रिय पाठकों , **यह एक sample मात्र है** यह अध्याय अभी यहीं समाप्त नही हुआ है, इसमें अभी और भी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **RAS मुख्य परीक्षा के** कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यह तो एक sample मात्र ही है/ **RAS मुख्य परीक्षा के** कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें , धन्यवाद/

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

संपर्क करें – 8233195718, 9694804063, 8504091672

हमारे नोट्स के अन्य परीक्षाओं में रिजल्ट (Result)-

RAS Pre. परीक्षा 2021 में हमारे नोट्स में से 73/74 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 23 अक्तूबर की पहली शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 79 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 23 अक्तूबरकी दूसरी शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 103 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 24 अक्तूबर की पहली शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 96 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 24 अक्तूबर की दूसरी शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 91 प्रश्न आये

राजस्थान SI 2021 की परीक्षा कि परीक्षा में भी कई प्रश्न आये हैं -

Proof देखने के लिए हमारे youtube चैनल (InfusionNotes) पर इसकी वीडियो देखें या हमारे नंबरों पर कॉल करें।

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

लेखांकन

अध्याय – I

लेखांकन की दोहरा लेखा प्रणाली का सामान्य ज्ञान, वित्तीय विवरण विश्लेषण की तकनीकें, उत्तरदायित्व और सामाजिक लेखांकन

लेखांकन क्या है

लेखांकन दो शब्दों से मिलकर बना है- 'लेख' और 'अंकन'। जहां लेख का अर्थ "लिखने" से है और अंकन का अर्थ "अंक" से लगाया जाता है। इस प्रकार से व्यवसाय में जितने भी लेन-देन होते हैं उनको एक बही(Book) के रूप में लिखना ही "लेखांकन" (Accounting) कहलाता है। लेखांकन व्यवसाय की भाषा है। लेखांकन को लेखाकर्म के नाम से भी जाना जाता है ।

लेखांकन की अवधारणा

लेखांकन वह शास्त्र है जिसका संबंध मुख्य रूप से वित्तिय स्वभाव वाले लेन-देनों तथा घटनाओं के अभिलेखन, वर्गीकरण व विश्लेषण करने से हैं । व्यवसाय हो या फिर कोई कार्य जहां भी मुद्रा से संबंधित लेन-देन किए जाते हैं तो वहां लेखांकन की आवश्यकता पड़ती है । बिना एकाउंटिंग के व्यवसाय का कार्य अधूरा माना जाता है। आज लेखांकन का प्रयोग सभी प्रकार के व्यवसाय में किया जा रहा है- जैसे व्यापारिक संस्थाएं, गैर-व्यापारिक संस्थाएं,कंपनी तथा साझेदारी व्यापार आदि।

लेखांकन के प्रारंभिक क्रियाओं में शामिल होने वाले चरण

लेखांकन के प्रारंभिक क्रियाओं में निम्नलिखित चरणों को शामिल किया गया है-

1. अभिलेखन (Recording) : व्यवसाय में जो भी लेन-देन होते हैं उनको पहली बार जिस बही में लिखा जाता है उसे 'अभिलेखन' कहते हैं । यह लिखने की क्रिया ही रोजनामचा है जिसे अंग्रेजी में Journal कहा जाता है।

2. वर्गीकरण (Classification) : रोजनामचा में लिखे सभी लेनदेन को अलग-अलग भागों में विभाजित करके लिखना है 'वर्गीकरण' कहलाता है, क्योंकि व्यवसाय में एक ही तरह के लेन-देन नहीं होते हैं। जैसे – नगद, उधार, नगद वापसी, उधार वापसी,माल का क्रय , विक्रय, विक्रय वापसी आदि।
3. संक्षेपण(Summarising): वर्गीकृत लेनदेन को एक ही स्थान पर लिखा जाना है 'संक्षेपण' है इसे तलपट(Trail Balance) के नाम से भी जाना जाता है। जो कि जांच करने का कार्य करता है।

लेखांकन की विशेषताएं ---

1. लेखांकन की विशेषताएं व्यावसायिक लेन-देन की पहचान करना और इसे नियमित तथा सुव्यवस्थित ढंग से लेखा पुस्तकों में लिखना है ।
2. लेखा बहियों में केवल उन्हीं लेन- देन का लेखा किया जाता है जिसे मुद्रा में व्यक्त किया जा सकता है ।
3. ऐसी घटनाओं तथा लेनदेन जिन्हें मुद्रा में व्यक्त नहीं किया जा सकता हो, लेखा नहीं किया जाता है ।

   लेखांकन की विशेषताएं वित्तीय व्यवहारों एवं घटनाओं को इस प्रकार से प्रस्तुत करना है जिससे कि लेन-देन का विश्लेषण तथा व्याख्या आसानी से हो सके
4. लेखांकन व्यवसायिक लेन-देन की एक कला है ।
5. लेखांकन के अंतर्गत लेन-देन का संक्षेपण किया जाता है। लेखांकन की विशेषताएं सभी पक्षकारों को उनके द्वारा वांछित सूचनाएं प्रदान करता है ।

लेखांकन के उद्देश्य :

लेखांकन के उद्देश्य प्रत्येक व्यवसाय के लिए आवश्यक है। लेखांकन के उद्देश्य निम्नलिखित है। जो कि नीचे इस प्रकार से दिए गए हैं –

1. नियमित एवं सुव्यवस्थित लेखा – लेखांकन का प्रथम उद्देश्य सभी लेन-देन का नियमित एवं सुव्यवस्थित ढंग से लेखा करने से है । सुव्यवस्थित ढंग से लेखा करने से भूल की संभावना नहीं रहती है और परिणाम सही प्राप्त होता है।

2. शुद्ध लाभ -हानि का निर्धारण – यह लेखांकन का दूसरा उद्देश्य हैं। एक निश्चित अवधि का लाभ -हानि ज्ञात करना। लाभ- हानि को ज्ञात करने के लिए किस संस्था द्वारा व्यापार खाता(Trading Account), लाभ -हानिखाता (Profit & Loss Account) तथा आर्थिक चिट्ठा (Balance Sheet) बनाया जाता हैं।
3. कानूनी आवश्यकता – कानूनी आवश्यकता को पूरा करना एक लेखांकन का महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं । लेखांकन प्रत्यक्ष(Direct) और अप्रत्यक्ष(Indirect) करों के लिए रिटर्न दाखिल करने के लिए सबसे अच्छा आधार प्रस्तुत करता हैं।
4. पक्षकारों को सूचना – व्यवसाय में हित रखने वाले पक्षों को सूचना उपलब्ध कराना लेखांकन का महत्वपूर्ण उद्देश्य हैं। व्यवसाय में कई पक्षों के हित होते हैं जैसे – स्वामी(Proprietor) , लेनदार (Creditor), विनियोजक(Investor) आदि।
5. वित्तीय स्थिति – लेखांकन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य संस्था की वित्तीय स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त करना हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक आर्थिक चिट्ठा (Balance Sheet) बनाया जाता हैं । जिसमें दाएं ओर संपत्तियों(Assets) तथा बाएं और पूंजीवाद व दायित्व(Capital And Liabilities) को प्रदर्शित किया जाता हैं।

पुस्तपालन ---

पुस्तपालन को समझने से पहले आपको अंग्रेजी Word Book-Keeping को समझना होगा। Book-Keeping दो शब्दों से मिलकर बना हैं- a. Book तथा Keeping । Book शब्द का अर्थ 'पुस्तक' से होता हैं जबकि Keeping शब्द का अर्थ 'रखना' होता हैं अर्थात् पुस्तक को रखना ही पुस्तपालन (Book-Keeping) कहलाता हैं।

पुस्तपालन के जनक लुकास पेसिओली हैं । लेखांकन और दोहरा लेखा प्रणाली में भी उनकी महवत्पूर्ण भूमिका रहा हैं ।

इस प्रकार से, पुस्तपालन या बुक कीपिंग वह कला व विज्ञान होता हैं जिसके अनुसार समस्त व्यवसायिक वित्तीय लेन-देनों का लेखा नियमानुसार स्पष्ट तथा प्रतिदिन उचित

पुस्तकों में लिखने से होता है। इस पुस्तक को बही खाते के नाम से भी जाना जाता है। आज अधिकांश संस्थाएं व्यवसायिक सॉफ्टवेयर पैकेज प्रोग्राम (Software Packages Programs) का प्रयोग करते हैं। जिसमें कंप्यूटर द्वारा पुस्तके रखने में सहायता मिलती है। इस प्रकार से,

a.बहीखाता लेखांकन का अंग है।
b.वित्तीय लेनदेन एवं घटनाओं की पहचान करता है।
c.वित्तीय लेनदेन एवं घटनाओं को मुद्रा के रूप में मापना इसका अहम् कार्य है।
d.वित्तीय लेनदेन को Journal या सहायक पुस्तकों में लिखना।
e.सभी लेनदेन को वर्गीकृत करना अर्थात खाता बही (Ledger) तैयार करना ।

पुस्तपालन (बुक कीपिंग) की विशेषताएं

उपरोक्त परिभाषा के आधार पर पुस्तपालन तथा खाताबही की विशेषताएं निम्नलिखित है जो कि नीचे इस प्रकार से दिए गए हैं

1. मौद्रिक रूप में लेखा
2. व्यापारिक सौदों का लेखा
3. सभी व्यापारियों द्वारा प्रयोग
4. नियमानुसार लेखा
5. पुस्तपालन कला और विज्ञान

I. मौद्रिक रूप में लेखा – पुस्तपालन की यह सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है कि इसमें सिर्फ वित्तीय लेन- देनों का लेखा किया जाता है अर्थात इसमें वैसे लेनदेन शामिल होते हैं जिनको मुद्रा के रूप में मापा जा सके । इनमें वैसे लेन देन को बिल्कुल भी शामिल नहीं किया जाता है। जिनको मुद्रा के रूप में नहीं मापा जा सके।

2. व्यापारिक सौदों का लेखा– पुस्तपालन के अंतर्गत सभी प्रकार के व्यापारिक लेन-देन का लेखा किया जाता है,चाहे वह क्रय,विक्रय,क्रय वापसी, विक्रय वापसी, लाभ-हानि तथा आय-व्यय से संबंधित हो।

3.सभी व्यापारियों द्वारा प्रयोग– पुस्तपालन (Book-Keeping)का प्रयोग सभी प्रकार के व्यापारियों द्वारा किया जाता है। इसके प्रयोग से वह अपने व्यापार में हुए वित्तीय लेन-देनों का हिसाब -किताब रखते हैं।

4.नियमानुसार लेखा – पुस्तपालन में,व्यासाय में जितने भी लेन-देन (Transactions) होते हैं । उन सभी का लेखा नियम के अनुसार वह नियमित रूप से होता है । जिससे आगे की क्रिया करने में आसानी होती है।

5. पुस्तपालन कला और विज्ञान – पुस्तपालन (Book-Keeping) की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह कला और विज्ञान दोनों होता है। यह विज्ञान तथा कला के सिद्धांतों पर खरा उतरता है । इसमें व्यापारिक लेन-देनों का लेखा करते समय क्रमबद्ध निश्चित नियमों का पालन किया जाता है।

पुस्तपालन(बुक ***कीपिंग) के उद्देश्य***

बुक कीपिंग के निम्नलिखित उद्देश्य हैं । जो कि नीचे इस प्रकार से दिए गए हैं-

1.व्यवसायिक सौदों का लेखा रखना
2.आर्थिक स्थिति जानने हेतु
3.माल संबंधित जानकारी
4.करो का सही अनुमान लगाना
5.नीति निर्धारण
6.गलतियों का पता लगाना

1.व्यवसायिक सौदों का लेखा रखना – पुस्तपालन का यह सबसे बड़ा उद्देश्य है कि यह व्यवसायिक लेन- देनों का लेखा रखता है। व्यवसाय का यह आधार है। बिना पुस्तपालन के कोई भी व्यापारी को यह पता नहीं चल पाएगा कि उसने कितने सौदें किए हैं।

2. आर्थिक स्थिति जानने हेतु – एक व्यवसायी को समय-समय पर यह ज्ञात करना होता है कि उसके व्यवसाय की आर्थिक स्थिति कैसी है । व्यवसाय में कितना पैसा बचा है और कितने के लाभ हुए हैं आदि । यह तभी संभव है जब व्यापारी द्वारा पुस्तपालन का इस्तेमाल किया जा रहा हो और उसमें सही – सही प्रवृष्टियाँ समय-समय पर की गई हो।

3. माल संबंधित जानकारी – पुस्तपालन के द्वारा एक व्यापार में कितने वस्तुओं का क्रय- विक्रय, क्रय वापसी, विक्रय वापसी आदि हुए हैं। उससे संबंधित जानकारी प्राप्त करने में आसानी होती है । यह पुस्तपालन का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य होता है।

4.करो का सही अनुमान लगाना – कर (Tax) का सही भविष्यवाणी करना भी पुस्तपालन का उद्देश्य होता है। प्रत्येक देश की सरकार व्यापारियों से कर वसूली करते हैं। यदि व्यवसायी द्वारा पुस्तपालन में किए गए लेखें सही ढंग से रखता है तो उचित राशि का भुगतान इस मद में किया जा सकता है। अन्यथा गड़बड़ी की दशा में सही मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

5. नीति निर्धारण – पुस्तपालन का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य नीति निर्धारण करना होता है । यह नीति उसे भविष्य में लाभ देगी कि नहीं । इसकी जानकारी पुस्तपालन से ही हो पाता है। पुस्तपालन की सहायता से ही पिछले कुछ वर्षो का रिकार्ड देखा जाता है और उसके अनुसार आगे की कार्यवाही की जाती है।

6. गलतियों का पता लगाना – एक व्यापार (Business) में गलती तो स्वयं मालिक से भी हो जाता है। पुस्तपालन गलतियों को पकड़ने में मदद करता हैं। यह पुस्तपालन का महत्वपूर्ण उद्देश्य होता है।

पुस्तपालन और लेखाकर्म में अन्तर बहुत से लोग पुस्तपालन और लेखाकर्म उनको एक ही शब्द मानते हैं। जबकि सच यह है कि इन दोनों में विशेष अंतर होता है। पुस्तपालन और लेखांकन में निम्नलिखित अंतर हैं। जो कि नीचे इस प्रकार से दिए गए हैं-

1.अंतर का आधार – परिभाषा – पुस्तपालन व्यापारिक लेन-देन का मौद्रिक रूप में लिखने तथा खाता बही में वर्गीकृत करने की कला है जबकि लेखांकन से आशय व्यवसाय से संबंधित सूचनाओं को मौद्रिक रूप में इकट्ठा करना, सारांश बनाना, विश्लेषण करना तथा जानकारी देने से है।

2.चरण – पुस्तपालन प्रारंभिक चरण होता है जबकि लेखांकन दूसरा चरण होता है

13.आधार– पुस्तपालन लेखांकन का आधार होता है जबकि लेखांकन अंकेक्षण का आधार होता है।

4.समाप्त – जहां पुस्तपालन समाप्त होता है वहां लेखांकन (लेखाकर्म) प्रारंभ होता है और जहां लेखांकन समाप्त होता है वहां अंकेक्षण प्रारंभ होता है।

5.क्षेत्र – पुस्तपालन का क्षेत्र सीमित होता है इसके अंतर्गत जर्नल(रोजनमचा) सहायक पुस्तकें तथा खाता बही शामिल होता है जबकि लेखांकन का क्षेत्र व्यापक होता है इसके अंतर्गत तलपट (Trial balance), अशुद्धियों का सुधार, समायोजन, वित्तीय विवरण, विश्लेषण व व्याख्या शामिल होता है।

6.योग्यता – यह कार्य छोटे व्यापारी कर्मचारी तथा मशीन द्वारा किया जाता है इस कार्य को करने के लिए किसी विशेष योग्यता की आवश्यकता नहीं होती है जबकि लेखांकन में योग्यता होती है।

Accounting के मुख्य पांच प्रकार नीचे दिए गए हैं –

I. Financial Accounting (वित्तीय लेखांकन) –

Financial Accounting में वे सारे चीज़े आती हैं जो एक business को financial information देते हैं यानी इसमें वे सारे transaction आते हैं जो हम Accounts के Rules and Regulations के according उसे record करते हैं। Financial Accounting का main purpose यह होता है कि सारे transactions को एक systematic manner में record

करना, Profit and Loss Account को prepare करके एक particular period का Profit या Loss का पता लगाना, साथ ही Balance Sheet बनाकर business की Financial Position का पता लगाना होता है। इस तरह Financial Accounting Management और interested parties को information provide करती है। इस तरह इसमें Journal, Ledger, Trial Balance, Trading and Profit & Loss Account और Balance Sheet बनाये जाते हैं।

2. Cost Accounting (लागत लेखांकन) –

Cost Accounting उन्हीं firm में की जाती है जो कुछ manufacture करते हैं या कोई production करते हैं। Cost Accounting से हमें यह पता चलता है कि कितने material लग रहे हैं? Labor की Cost क्या आ रही है? इसके अलावा क्या-क्या Expenses हो रहे हैं? इन सारी चीज़ों का पता चलता है। Cost Accounting के basis पर unnecessary cost को रोका जा सकता है और उसपर Controlling की जा सकती है। Cost Accounting का main purpose किसी product की Total Cost और उसकी Per Unit Cost का पता लगाना होता है। इस तरह Cost Accounting business के operations और उसको Control करने में Management की help करती है।

3. Management Accounting (प्रबन्धकीय लेखांकन) –

Management Accounting में Financial Accounting और Cost Accounting से जो information मिलती है या जो output मिलते हैं उनको manage किया जाता है। इनकी report prepare की जाती है और management की planning, controlling और उसके operations को handle किया जाता है जिससे important decisions लेने और उसके objectives को पूरा करने में help मिलती है। इसमें management accountant अलग-अलग techniques और concepts को उसे करके accounting data को और useful बनाते हैं। इसमें planning, ratio analysis, budgetary control और cash flow statement आते हैं।

4. Tax Accounting (कर लेखांकन) –

Tax Accounting वह accounting है जो Tax की calculation के लिए की जाती है यानी Income Tax और GST की calculation और computation की जाती है।

5. Social Accounting (सामाजिक लेखांकन) –

Business के लिए जो facilities हमें मिल रहीं हैं जिनसे हमारा business चल रहा है वह हमें society provide करती है। इसमें यह identify करना कि society की need क्या है

नोट – प्रिय पाठकों , **यह एक sample मात्र है** यह अध्याय अभी यहीं समाप्त नही हुआ है, इसमें अभी और भी कंटेंट पढ़ना बाकी है जो आपको **RAS मुख्य परीक्षा के** कम्पलीट नोट्स में पढ़ने को मिलेगा / यह तो एक sample मात्र ही है/ **RAS मुख्य परीक्षा के** कम्पलीट नोट्स खरीदने के लिए हमारे संपर्क नंबर पर कॉल करें , धन्यवाद/

FREE SAMPLE

संपर्क करें – 8233195718, 9694804063, 8504091672

हमारे नोट्स के अन्य परीक्षाओं में रिजल्ट (Result)-

RAS Pre. परीक्षा 2021 में हमारे नोट्स में से 73/74 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 23 अक्तूबर की पहली शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 79 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 23 अक्तूबरकी दूसरी शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 103 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 24 अक्तूबर की पहली शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 96 प्रश्न आये

पटवारी परीक्षा 2021 में 24 अक्तूबर की दूसरी शिफ्ट में हमारे नोट्स में से 91 प्रश्न आये

राजस्थान SI 2021 की परीक्षा कि परीक्षा में भी कई प्रश्न आये हैं -

Proof देखने के लिए हमारे youtube चैनल (InfusionNotes) पर इसकी वीडियो देंखें या हमारे नंबरों पर कॉल करें /

FREE SAMPLE
INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO



AVAILABLE ON/

01414045784

contact@infusionnotes.com

http://www.infusionnotes.com/